# हिंदुस्तान जिंक की तीसरी वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन को अभूतपूर्व सफलता, 9700 से अधिक धावकों ने लिया हिस्सा

उदयपुर | बिज़नेस रेमेडीज

दुनिया की सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी और वैश्विक स्तर पर शीर्ष 10 चांदी उत्पादकों में शामिल हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने उदयपुर में तीसरी वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन का सफल आयोजन किया। इस वर्ष मैराथन में रिकॉर्ड 9700 से अधिक धावकों ने ऑन-ग्राउंड और वर्चुअल तरीकों से भाग लिया। यह पिछले संस्करण की तुलना में लगभग 45 प्रतिशत अधिक सहभागिता है, जो इस आयोजन की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाती है।

भारत की सबसे खूबसूरत मैराथन के रूप में पहचान बना चुकी इस मैराथन में देश और विदेश से आए प्रतिभागियों ने 21.097 किमी हाफ मैराथन, 10 किमी और 5 किमी श्रेणियों में दौड़ लगाई। इस आयोजन ने पूरे उदयपुर को फिटनेस, उत्साह और सामाजिक उद्देश्य के उत्सव में बदल दिया।

मैराथन में राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों और उदयपुर की विभिन्न समुदायों के लोगों के साथ-साथ हिंदुस्तान जिंक की प्रमुख शिक्षा पहल शिक्षा संबल के विद्यार्थियों के लिए विशेष चैंपियंस रेस का भी आयोजन किया गया। अनुभवी धावकों, पहली बार भाग लेने वाले प्रतिभागियों, वरिष्ठ नागरिकों, महिला फिटनेस समूहों, कॉर्पोरेट टीम और दिव्यांग खिलाड़ियों की उपस्थिति ने इस आयोजन को और अधिक समावेशी बनाया। मैराथन का शुभारंभ सांसद उदयपुर मन्नालाल रावत, आईजीपी उदयपुर रेंज गौरव श्रीवास्तव, उदयपुर कलेक्टर गौरव अग्रवाल, एसपी उदयपुर डॉ. अमृता दुहान, राजसमंद कलेक्टर अरुण हसीजा, एसपी राजसमंद हेमंत कलाल, वेदांता समूह के ग्लोबल सीईओ अरुण मिश्रा, हिंदुस्तान जिंक के सीईओ अमरेंद्र प्रकाश, कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों, एनी बडी केन रन के संस्थापक डॉ. मनोज सोनी व अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर सीईओ, हिंदुस्तान जिंक अमरेंद्र प्रकाश, ने कहा कि, सिर्फ तीन संस्करणों में इस मैराथन का यह मुकाम हासिल करना बेहद गर्व की बात है। 9700 से अधिक धावकों का उदयपुर में एक साथ आना इस आयोजन की बढ़ती लोकप्रियता का प्रमाण है। वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन खेल, उदयपुर की सुंदरता और यहां के लोगों की सामूहिक ऊर्जा को एक मंच पर लाती है। हमारा लक्ष्य इसे देश की सबसे पसंदीदा मैराथनों में शामिल करना और जिंक सिटी की पहचान को वैश्विक स्तर तक पहुंचाना है। मैराथन ने आगामी राजस्थान नगर निकाय चुनावों से पहले नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करने का संदेश भी दिया। आयोजन के माध्यम से लोगों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। सुबह के समय बड़ी संख्या में उदयपुरवासियों ने मैराथन के धावकों का उत्साहवर्धन किया। फतेहसागर झील और अरावली पर्वतमाला के मनमोहक दृश्यों के बीच आयोजित इस मैराथन में प्रतिभागियों ने रन फोर जीरो हंगर अभियान का समर्थन करते हुए फिटनेस को सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ा।



यह मैराथन उदयपुर की जिंक सिटी के रूप में पहचान और यहां की हजारों वर्षों पुरानी जिंक विरासत का भी उत्सव है। हिंदुस्तान जिंक आज इस विरासत को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ा रहा है और यही इस आयोजन को विशेष बनाता है। मैराथन का बढ़ता दायरा उदयपुर को स्पोर्ट्स टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने में भी और अधिक सहायक हो रहा है। देश-विदेश से आने वाले धावक, उनके परिवार और फिटनेस समूह स्थानीय होटल, पर्यटन और व्यापार क्षेत्र को भी बढ़ावा दे रहे हैं। प्रतियोगिता में धावकों ने शानदार प्रदर्शन किया। 21.097 किमी पुरुष वर्ग में मुकेश कुमार ने 1 घंटा 8 मिनट 47 सेकंड के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया, जबकि महिला वर्ग में पूजा ने 1 घंटा 26 मिनट 9 सेकंड में दौड़ पूरी कर जीत दर्ज की। 10 किमी पुरुष वर्ग में तेहेंदर ने 32 मिनट 1 सेकंड में रेस पूरी कर पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि महिला वर्ग में कुमारी पारू ने 36 मिनट 49 सेकंड के समय के साथ जीत हासिल की। मैराथन पूरी करने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को हिंदुस्तान जिंक की 99.99 प्रतिशत शुद्ध जिंक से निर्मित विशेष जिंक फिनिशर मेडल प्रदान किया गया। यह मेडल मजबूती, उपलब्धि और जिजीविषा का प्रतीक होने के साथ उदयपुर की जिंक विरासत से भी जुड़ाव स्थापित करता है। जयपुर, अहमदाबाद, मुंबई, दिल्ली, गुरुग्राम सहित देश के विभिन्न शहरों के रनिंग समुदायों के साथ-साथ अमेरिका, स्वीडन, इटली, जापान, इंडोनेशिया और केन्या से आए प्रतिभागियों ने भी इस मैराथन को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया।एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन एंड डिस्टेंस रेस से प्रमाणित और वैश्विक मैराथन कैलेंडर में सूचीबद्ध वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन ने अपने तीसरे संस्करण में नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

## 2030 तक हर साल 50 लॉन्च की तैयारी, 450 से अधिक स्टार्टअप्स के दम पर वैश्विक स्पेस पावर बनने की ओर बढ़ रहा भारत : पवन गोयनका

नई दिल्ली | एजेंसी

भारत आने वाले वर्षों में अंतरिक्ष क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूने की तैयारी कर रहा है। भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (आईएन-स्पेस) के चेयरमैन पवन के गोयनका ने रविवार को कहा कि भारत ने वर्ष 2030 तक हर साल 50 अंतरिक्ष प्रक्षेपण (लॉन्च) करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी और इसरो की तकनीकी क्षमता के संयोजन से भारत वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में अपनी भूमिका को और मजबूत कर रहा है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए अपने विचारों में पवन गोयनका ने कहा कि पांच वर्ष पहले भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने का ऐतिहासिक निर्णय लिया था। इस फैसले के पीछे दो प्रमुख उद्देश्य थे। पहला, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को नई और उन्नत तकनीकों पर काम करने का अवसर देना और दूसरा, निजी उद्योगों को अंतरिक्ष क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विस्तार करने का मौका प्रदान करना। उन्होंने कहा कि आज दोनों लक्ष्य धरातल पर साकार होते दिखाई दे रहे हैं। पवन गोयनका ने अपने पोस्ट में कहा कि पांच वर्ष पहले भारत में अंतरिक्ष क्षेत्र से जुड़े स्टार्टअप्स की संख्या बेहद सीमित थी, लेकिन आज यह संख्या बढ़कर 450 से अधिक हो चुकी है।

निजी कंपनियां अब केवल प्रोटोटाइप तैयार करने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि अंतरिक्ष प्रक्षेपण और उपग्रह निर्माण जैसे जटिल क्षेत्रों में भी सफलता हासिल कर रही हैं। उन्होंने कहा कि एक भारतीय निजी कंपनी पहले ही सफलतापूर्वक रॉकेट को कक्षा में भेज चुकी है। यह उपलब्धि इस बात का संकेत है कि भारतीय निजी अंतरिक्ष उद्योग अब प्रयोगात्मक चरण से आगे बढ़कर व्यावसायिक स्तर पर काम करने की क्षमता विकसित कर चुका है। गोयनका ने कहा कि अब सबसे बड़ी चुनौती इस क्षेत्र का बड़े पैमाने पर विस्तार करना है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए भारत ने हर वर्ष 50 लॉन्च करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकार और निजी उद्योगों को मिलकर काम करना होगा।

## आरपीजी एक्टिव फार्मा ने राघवा लाइफ साइंसेज का API कारोबार खरीदा, एकीकृत API कारोबार को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

मुंबई | बिज़नेस रेमेडीज

आरपीजी लाइफ साइंसेज लिमिटेड ने घोषणा की कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, आरपीजी एक्टिव फार्मा लिमिटेड (RPGAP) ने राघवा लाइफ साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड के एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट्स (API) और इंटरमीडिएट्स बिजनेस को स्लम्प सेल और गोइंग-कंसर्न आधार पर खरीदने के लिए एक बिजनेस ट्रांसफर एग्रीमेंट किया है। यह सौदा सामान्य शर्तों और नियामक मंजूरियों के अधीन है। यह अधिग्रहण RPGAP की उस सोची-समझी रणनीति का अगला कदम है, जिसके तहत कंपनी अधिग्रहणों के जरिए ऑर्गेनिक ग्रोथ को बढ़ावा दे रही है और एक बड़े स्तर की इंटीग्रेटेड एपीआई कंपनी बन रही है। हाल ही में हुए एक्टिस जेनेरिक्स के अधिग्रहण के बाद, यह डील RPGAP की मैन्युफैक्चरिंग क्षमता, प्रोडक्ट पोर्टफोलियो, नियामक क्षमताओं और नए बाजारों में पहुंच को और मजबूत करेगी। इसका उद्देश्य बढ़ते एपीआई बाजार में बेहतर तालमेल और मजबूत व्यावसायिक क्रियान्वयन के जरिए कंपनी की पकड़ मजबूत करना है।

उच्च गुणवत्ता वाली मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी और वैल्यू क्रिएशन की बड़ी संभावनाएं : राघवा लाइफ साइंसेज की हैदराबाद के पास लगभग 9 एकड़ में फैली एक आधुनिक एपीआई मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी है। इसमें लगभग 300 चरूकी स्थापित क्षमता और एक समर्पित आरएंडडी सेटअप मौजूद है। यह प्लांट डब्ल्यूएचओ-जीएमपी और ईयू-जीएमपी से प्रमाणित है और हाल के वर्षों में इसकी क्षमता विस्तार पर काफी निवेश किया गया है। इसकी स्थापित नियामक मंजूरियां, बड़ी उत्पादन क्षमता और बेहतरीन केमिस्ट्री क्षमताएं RPGAP को एक उच्च स्तरीय मैन्युफैक्चरिंग आधार प्रदान करती हैं।

कंपनी के पास तेजी से बढ़ते एपीआई का एक मजबूत पोर्टफोलियो है, जिसमें डायबिटीज, हृदय रोग (कार्डियोवैस्कुलर), सीएनएस (CNS - न्यूरोलॉजी) और अन्य चिकित्सा क्षेत्रों के 22 कमर्शियल उत्पाद और 7 विकास के चरण में मौजूद एसेट्स शामिल हैं। इस पोर्टफोलियो में कई व्यावसायिक रूप से आकर्षक मॉलिक्यूल्स हैं, जिन्हें CEP, ईयू रिटन कन्फर्मेशन और KDMF जैसी कई अंतरराष्ट्रीय नियामक मंजूरियां मिली हुई हैं।

कमर्शियल और पाइपलाइन एपीआई का यह बड़ा दायरा RPGAP को उन थेरेपी क्षेत्रों में सीधी पहुंच देता है, जहां बाजार की मांग काफी अधिक है।

कंपनी को उम्मीद है कि इस अधिग्रहण, एक्टिस और अपने मौजूदा नेटवर्क के आपसी तालमेल से वह कई लाभ हासिल करेगी। इनमें बैकवर्ड इंटीग्रेशन, प्लांट क्षमता का बेहतर उपयोग, लागत में कमी और चुनिंदा उत्पादों का ट्रांसफर शामिल है। बेहतर बिजनेस डेवलपमेंट, व्यापक बाजार पहुंच और अनुशासित पोर्टफोलियो क्रियान्वयन से लागत में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलेगी और समय के साथ परिचालन क्षमता मजबूत होगी।

## एफएसएसएआई ने पश्चिम बंगाल में सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के चलते दो खाद्य व्यवसायों के लाइसेंस निलंबित किए

नई दिल्ली | एजेंसी

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने रविवार को कहा कि उसने पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में खाद्य सुरक्षा नियमों के गंभीर उल्लंघन पाए जाने के बाद दो खाद्य व्यवसायों कैलाश फॉर्म्युलेशन और सैनिक्योर वाटर प्रोजेक्ट के लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। एफएसएसएआई ने कहा कि यह कार्रवाई जनस्वास्थ्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की गई है और अगले आदेश तक दोनों इकाइयों के लाइसेंस निलंबित रहेंगे। एफएसएसएआई के अनुसार, जिले में चलाए गए निरीक्षण और प्रवर्तन अभियान के दौरान दोनों इकाइयों में स्वच्छता, सफाई, खाद्य सुरक्षा और नियामकीय अनुपालन से जुड़े गंभीर उल्लंघन पाए गए, जिसके बाद खाद्य सुरक्षा कानूनों के तहत लाइसेंस निलंबित करने का निर्णय लिया गया। निरीक्षण के दौरान कैलाश फॉर्म्युलेशन परिसर की समग्र सफाई, स्वच्छता और सैनिटेशन व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई। जांच टीम ने पाया कि कर्मचारियों के लिए पर्याप्त हाथ धोने, कपड़े बदलने और व्यक्ति गत स्वच्छता की सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं। इसके अलावा, खाद्य पदार्थों को संभालने वाले कर्मचारियों के चिकित्सीय परीक्षण, टीकाकरण और व्यक्ति गत स्वच्छता संबंधी रिकॉर्ड भी उपलब्ध नहीं थे। कंपनी आवश्यक प्रयोगशाला परीक्षण रिपोर्ट, उपकरणों के कैलिब्रेशन रिकॉर्ड, विश्लेषण प्रमाणपत्र (सीओए), नियंत्रण नमूना रिकॉर्ड और अन्य अनिवार्य दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं कर सकी। निरीक्षण में अपर्याप्त रोशनी, दीवारों से उखड़ता प्लास्टर और पेंट, कचरा प्रबंधन में कमियां, पुराने स्टॉक के अनुचित रखरखाव, निवारक रखरखाव रिकॉर्ड की अनुपस्थिति और सीवेज निपटान से जुड़े रिकॉर्ड न होने जैसी खामियां भी सामने आईं।

**सोमी कंवेयर बेल्टिंग्स लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालयः 4एफ-15, 'ऑलिवर हाउस', न्यू पॉवर हाउस रोड, जोधपुर-342003

CIN: L25192RJ2000PLC016480 | दूरभाषः +91-9829023471

ई-मेलः md@somiconveyor.com, वेबसाईटः www.somiconveyor.com; www.somiinvestor.com

**26वीं वार्षिक आम बैठक, बुक क्लोजर और ई-वोटिंग की सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी की 26वीं वार्षिक आमबैठक (एजीएम) की सूचना में निर्धारित प्रस्ताव पारित करने के लिए, बुधवार 30 सितंबर, 2026 को सुबह 11:30 बजे 4एफ-15, 'ऑलिवर हाउस', न्यू पॉवर हाउस रोड, जोधपुर 342003 पर आयोजित की जायेगी।

एजीएम बुलाने के नोटिस सहित वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट कंपनी के सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से उन सदस्यों को भेज दी गई है जिन्होंने डिपॉजिटरी / कंपनी के साथ अपना ई-मेल पता पंजीकृत किया है। उक्त वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है और बैठक की तारीख तक सभी कार्य दिवसों में कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स कंपनी की 26वीं एजीएम के उद्देश्य से 24 सितंबर, 2026 से 30 सितंबर, 2026 (दोनों दिन शामिल) तक बंद रहेगी।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108, कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20, यथासंशोधित और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के नियम 44 के अनुपालन में कंपनी सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों ('ई-वोटिंग') द्वारा बैठक में पारित किए जाने वाले प्रस्तावों पर मतदान के अपने अधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान कर रही है। सदस्य बैठक के स्थान के अलावा किसी अन्य स्थान से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम ('रिमोट ई-वोटिंग') का उपयोग करके अपना वोट डाल सकते हैं। कंपनी ने ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए एजेंसी के रूप में सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की सेवाएं ली है।

एजीएम बुलाने के नोटिस में दी गई रिमोट ई-वोटिंग से संबंधित जानकारी कंपनी की वेबसाइट www.somiinvestor.com और सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com पर अपलोड की गई है। सदस्यों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित को नोट करें:

(क) रिमोट ई-वोटिंग सुविधा रविवार, 27 सितंबर, 2026 को सुबह 9 बजे शुरू होगी और मंगलवार, 29 सितंबर, 2026 को शाम 5.00 बजे समाप्त होगी। इसके बाद सीडीएसएल द्वारा ई-वोटिंग मॉड्यूल को मतदान के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा और सदस्यों को उक्त तिथि और समय के बाद इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदान करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(ख) जिस व्यक्ति का नाम कट-ऑफ तिथि अर्थात बुधवार, 23 सितंबर, 2026 को सदस्यों/लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में आता है, वह ही बैठक में रिमोट ई-वोटिंग/वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने का हकदार होंगे।

(ग) व्यक्ति जो एजीएम की सूचना के प्रेषण के बाद कंपनी का सदस्य बनता है और कट-ऑफ तिथि तक शेयर धारण करता है, एजीएम की सूचना में बताई गई प्रक्रिया का पालन करते हुये रिमोट ई-वोटिंग द्वारा वोट देने के अपने अधिकार का प्रयोग कर सकता है।

(घ) मतदान पत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा एजीएम में उपलब्ध कराई जाएगी और बैठक में भाग लेने वाले सदस्य, जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, वे बैठक में मतदान कर सकेंगे।

(ङ) रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डालने वाले सदस्य भी बैठक में शामिल हो सकते हैं लेकिन फिर से वोट डालने के हकदार नहीं होंगे।

(च) रिमोट ई-वोटिंग से संबंधित किसी भी प्रश्न/शिकायत को कंपनी संबोधित करते हुये सोमी कन्वेयर बेल्टिंग लिमिटेड, 4 एफ-15, 'ऑलिवर हाउस', न्यू पॉवर हाउस रोड, जोधपुर 342003, दूरभाषः +91-9829023471 ईमेल आईडी-md@somiconveyor.com, santosh.gamare@in.mpms.mufg.com पर संपर्क किया जा सकता है।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
सोमी कंवेयर बेल्टिंग्स लिमिटेड
कृते/-
ओम प्रकाश भंसाली
प्रबंध निदेशक

स्थानः जोधपुर
दिनांकः 5 सितम्बर, 2026

# कल्याणी स्ट्रेटेजिक सिस्टम्स ने भारत में छोटे हथियार और काउंटर-यूएएस क्षमता विकसित करने के लिए एफएन हर्स्टल के साथ साझेदारी की

## समझौता ज्ञापन से भारत में समर्पित उत्पादन केंद्र, तकनीकी सहयोग और संभावित संयुक्त उपक्रम का रास्ता खुलेगा; 'मेक इन इंडिया' को मिलेगा समर्थन

नई दिल्ली | बिज़नेस रेमेडीज

भारत फोर्ज लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी कल्याणी स्ट्रेटेजिक सिस्टम्स लिमिटेड (केएसएसएल) और एफएन ब्राउनिंग ग्रुप की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एफएन हर्स्टल ने भारत की रक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए स्थानीय विनिर्माण और औद्योगिक सहयोग को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

यह साझेदारी भारत की छह दशक लंबी उन्नत इंजीनियरिंग और बड़े पैमाने पर प्रौद्योगिकी-आधारित विनिर्माण क्षमता को एफएन हर्स्टल के छोटे हथियारों और एकीकृत हथियार प्रणालियों के क्षेत्र में 135 से अधिक वर्षों के वैश्विक अनुभव के साथ जोड़ेगी। समझौता ज्ञापन के तहत केएसएसएल और एफएन हर्स्टल भारत में एक समर्पित उत्पादन केंद्र स्थापित करने की संभावनाओं का मूल्यांकन करेंगे। इसके साथ ही भारतीय बाजार के लिए एफएन हर्स्टल की विभिन्न रक्षा प्रणालियों को कवर करने वाले रणनीतिक गठबंधन/संयुक्त उपक्रम की संभावनाएं भी तलाशी जाएंगी। इसमें छोटे हथियार, एकीकृत हथियार प्रणालियां और काउंटर-मानवरहित हवाई प्रणाली (C-UAS) समाधान शामिल होंगे।

यह पहल भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' नीति के अनुरूप है। इसका उद्देश्य स्थानीय विनिर्माण, तकनीकी सहयोग और स्थानीय स्तर पर मूल्य सृजन के माध्यम से देश के भीतर रक्षा उत्पादन क्षमता विकसित करना है। इससे भारत के रक्षा औद्योगिक आधार को मजबूत करने और रक्षा खरीद कार्यक्रमों में घरेलू भागीदारी बढ़ाने में मदद मिलेगी। भारतीय सशस्त्र बलों के लिए इसका अर्थ लंबे समय तक रक्षा उपकरणों की आपूर्ति की सुनिश्चितता और रणनीतिक स्वायत्तता में बढ़ोतरी होगा। ये ऐसी प्रणालियां हैं जो सैन्य बलों की परिचालन तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण हैं।

भारत फोर्ज लिमिटेड के वाइस चेयरमैन एवं ज्वाइंट मैनेजिंग डायरेक्टर अमित कल्याणी ने कहा कि कल्याणी स्ट्रेटेजिक सिस्टम्स (केएसएसएल) को एफएन हर्स्टल के साथ साझेदारी करने पर गर्व है। इसके जरिए हम विश्वस्तरीय तकनीक, उत्पाद और विनिर्माण विशेषज्ञता भारत में ला रहे हैं। एफएन हर्स्टल के वैश्विक स्तर पर सम्मानित उत्पाद पोर्टफोलियो और दशकों के अनुभव को केएसएसएल की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता और औद्योगिक क्षमता के साथ जोड़कर हम भारत से भारत और वैश्विक बाजारों के लिए उन्नत रक्षा समाधान उपलब्ध कराने का मजबूत मंच तैयार कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य स्थानीय स्तर पर निर्मित और वैश्विक स्तर पर अग्रणी उत्पादों के माध्यम से भारत के रक्षा आधुनिकीकरण में सहयोग करना, स्वदेशी क्षमताओं को मजबूत करना और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाना है।

एफएन ब्राउनिंग ग्रुप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जूलियन कॉम्पेयर ने कहा, कि भारत एफएन हर्स्टल के लिए एक रणनीतिक साझेदार है और हमें कल्याणी स्ट्रेटेजिक सिस्टम्स के साथ यह महत्वपूर्ण कदम उठाने पर गर्व है। यह समझौता एक साझा महत्वाकांक्षा को दर्शाता है-दुनिया की सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में काम करने वाली सशस्त्र सेनाओं द्वारा भरोसा की जाने वाली एफएन हर्स्टल की प्रमाणित रक्षा प्रणालियों को केएसएसएल की उत्कृष्ट औद्योगिक क्षमताओं के साथ जोड़कर भारतीय सशस्त्र बलों के लिए दीर्घकालिक स्वदेशी क्षमता विकसित करना। हम स्थानीय विनिर्माण, तकनीकी सहयोग और उन्नत रक्षा क्षमताओं के विकास के माध्यम से 'मेक इन इंडिया' के उद्देश्यों को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इससे भारत, भारतीय सशस्त्र बलों और दोनों कंपनियों के लिए दीर्घकालिक मूल्य का सृजन होगा। समझौता ज्ञापन की शर्तों के तहत दोनों पक्ष मुख्य रूप से भारतीय बाजार की जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से संभावित सहयोग परियोजनाओं की व्यवहार्यता का संयुक्त रूप से अध्ययन और मूल्यांकन करेंगे।

**जैन मार्मो इंडस्ट्रीज लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : 47/10, किरणपथ मानसरोवर, जयपुर राजस्थान-302020

कार्य कार्यालयः एनःएच-8, सुखेर, डायमंड पेट्रोल पंप के सामने, उदयपुर-313001 (राज.)

दूरभाषः- 0294-2441666,2441777 ईमेलः- jainmarmo_udr@yahoo.com

CIN:- L14101RJ1981PLC002419, वेबसाइटः- www.jainmarmo.com

**कंपनी की वार्षिक आम बैठक की सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जैन मार्मो इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सदस्यों की 45वीं (पैंतालीसवीं) वार्षिक आम बैठक बुधवार, 30 सितंबर, 2026 को सुबह 11:00 बजे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय, 47/10, किरणपथ, मानसरोवर, जयपुर, राजस्थान - 302020 में आयोजित की जाएगी, जिसमें इस सूचना में उल्लिखित कार्यसूची का संचालन किया जाएगा। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 और कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 (जैसा कि कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) संशोधन नियम, 2015 द्वारा संशोधित किया गया है) और सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 44 के प्रावधानों के अनुसार, कंपनी सदस्यों को वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान करने में प्रसन्न है और कार्यसूची का संचालन ई-वोटिंग सेवाओं के माध्यम से किया जा सकता है। राष्ट्रीय प्रतिभूति डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) द्वारा वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के स्थल के अलावा किसी अन्य स्थान से इलेक्ट्रॉनिक मतदान प्रणाली का उपयोग करके सदस्यों द्वारा मतदान करने की सुविधा ('रिमोट ई-वोटिंग') प्रदान की जाएगी। कंपनी ने अपनी 45वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना/वार्षिक रिपोर्ट ('एजीएम सूचना') वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट के साथ केवल ईमेल द्वारा उन सभी सदस्यों को भेजी है जिनके ईमेल पते कंपनी/आरटीए/और डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) के साथ पंजीकृत हैं। उपरोक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट www.jainmarmo.com पर भी उपलब्ध हैं।

कंपनी अपने सदस्यों को 45वीं वार्षिक आम बैठक के आयोजन संबंधी सूचना में उल्लिखित सभी प्रस्तावों पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदान करने के लिए ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने में प्रसन्न है। कंपनी ने ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की सेवाएं ली हैं। इस संबंध में, शेयरधारकों के डीमैट खाते/फोलियो नंबर कंपनी द्वारा ई-वोटिंग प्रणाली द्वारा रखे गए प्रस्तावों पर ई-वोटिंग में भाग लेने के लिए पंजीकृत कर लिए गए हैं।

| | |
|---|---|
| ई-वोटिंग का प्रारंभ | 26 सितंबर, 2026 को सुबह 9:00 बजे |
| ई-वोटिंग का समापन | 29 सितंबर, 2026 को शाम 5:00 बजे |

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के तहत यह भी सूचित किया जाता है कि वार्षिक आम बैठक के प्रयोजन हेतु कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर हस्तांतरण रजिस्टर गुरुवार, 24 सितंबर, 2026 से बुधवार, 30 सितंबर, 2026 तक (दोनों दिन शामिल) बंद रहेंगे।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
जैन मार्मो इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिए
कृते/-
सिद्धार्थ जैन
प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 01275806

स्थानः उदयपुर
दिनांकः 5 सितंबर 2026

